**बिहार सरकार**
**विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग**

पत्र सं0– वि.प्रा. (III) के.यो.–03/2016– /पटना, दिनांक

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं हक0),बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना

विषय– विभागान्तर्गत नवस्थापित राजकीय पोलिटेकनिक, जमुई में वर्ष 2016–17 से सत्रारंभ करने के लिए संस्थान के प्राचार्य कक्ष, कार्यालय, वर्गकक्ष, पुस्तकालय, कर्मशाला एवं प्रयोगशाला में आवश्यकता आधारित मशीनें/उपकरण एवं उपस्कर के क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु रू. 90,00,000=00 मात्र तथा पुस्तक/सॉफ्टवेयर के क्रय हेतु रू. 5,00,000=00 मात्र अर्थात कुल 95,00,000=00 (पंचानवे लाख रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2015–16 में उक्त राशि संस्थान को विमुक्त करने के संबंध में।

**आदेश– स्वीकृत।**

राज्य सरकार ने विभागान्तर्गत नवस्थापित राजकीय पोलिटेकनिक, जमुई में वर्ष 2016–17 से सत्रारंभ करने के लिए संलग्न विवरणी के अनुसार संस्थान के प्राचार्य कक्ष, कार्यालय, वर्गकक्ष, पुस्तकालय, कर्मशाला एवं प्रयोगशाला में आवश्यकता आधारित मशीनें/उपकरण एवं उपस्कर के क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु हेतु रू. 90,00,000=00 मात्र तथा पुस्तक/सॉफ्टवेयर के क्रय हेतु रू. 5,00,000=00 मात्र अर्थात कुल 95,00,000=00 (पंचानवे लाख रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2015–16 में उक्त राशि संस्थान को विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की है।

2. उक्त स्वीकृत राशि, वित्तीय वर्ष 2015–16 में आयोजना बजट के निम्नवत बजटशीर्षो में द्वितीय अनुपूरक के माध्यम से उपबंधित राशि से विकलित होगा–

(i) "मुख्य शीर्ष–4202 –शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष –02–तकनीकी शिक्षा, लघुशीर्ष–104 –बहुशिल्प, मांग संख्या–43, उपशीर्ष–0102–पोलिटेकनिक/इंजीनियरिंग/तकनीकी महाविद्यालय" (विपत्र कोड– पी 4202021040102) के अधीन 52 01 मशीनें एवं उपस्कर विषयशीर्ष में उपबंधित राशि से रू. 90,00,000=00 (नब्बे लाख रूपये) मात्र,

(ii) मुख्यशीर्ष– "2203– तकनीकी शिक्षा, उप मुख्यशीर्ष– 00, लघु शीर्ष– 105–बहुशिल्प (पोलिटेकनिक) विद्यालय, मांग संख्या–43, उपशीर्ष– 0101– स्नातक पत्र पाठ्यक्रम–विश्वबैंक सम्पोषित पोलिटेकनिक शिक्षा सुदृढ़ीकरण परियोजना" (विपत्र कोड–P 2203001050101) के अधीन 13 01 कार्यालय व्यय विषयशीर्ष में उपबंधित राशि से रू. 5,00,000=00 (पांच लाख रूपये) मात्र।

3. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, जमुई होंगे।

4. इस राशि की निकासी राजकीय कोषागार, जमुई से की जायेगी।

5. उक्त राशि से सामग्रियों के क्रय हेतु बिहार (वित्त) संशोधित नियमावली–2005 का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा तथा सभी प्रक्रियाओं का विधिवत पालन कर क्रय किया जायेगा।

6. उक्त स्वीकृत राशि से नियमानुसार क्रय की जाने वाली मशीनें, उपकरण एवं उपस्कर की गुणवत्ता के लिए संस्थान के प्राचार्य सीधे जिम्मेवार होगें तथा क्रय की गई मशीनें, उपकरण एवं उपस्कर की सूची सहित उसके अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन वर्त्तमान वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। किसी भी परिस्थिति में अनावश्यक एवं आवश्यकता से अधिक सामग्री की खरीदारी नहीं की जाएगी।

7. उक्त स्वीकृत राशि की निकासी, वित्तीय वर्ष 2015–16 में विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन तक सीमित रहेगा।

8. यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या– 96 वि(2), दिनांक 03.01.2008 के आलोक में सक्षम प्राधिकार के अनुमोदनोपरांत आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जाता है।

9. वित्त विभाग के पत्रांक– 7355 वि(2), दिनांक 05.10.2007 के अनुसार इस योजना के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह०/ –
(ओम प्रकाश राय)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञाप संख्या– वि॰प्रा॰ (III) के॰यो॰–03/2016– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञाप संख्या– वि॰प्रा॰ (III) के॰यो॰–03/2016– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, राजकीय कोषागार, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञाप संख्या– वि॰प्रा॰ (III) के॰यो॰–03/2016– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, जमुई/प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञाप संख्या– वि॰प्रा॰ (III) के॰यो॰–03/2016– 324 /पटना, दिनांक– 29.1.016

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/उप निदेशक (यो)/ बजट सहायक/आई॰टी॰ मैनेजर (E-mail एवं विभागीय बेवसाइट पर अपलोड हेतु), विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/1/16
सरकार के अपर सचिव

29/01/16

## विवरणी

विभागान्तर्गत नवस्थापित राजकीय पोलिटेकनिक, जमुई में वर्ष 2016–17 से सत्रारंभ करने के लिए आवश्यकता आधारित मशीनें/ उपकरण/ उपस्कर के क्रय हेतु स्वीकृत राशि की विवरणी

| SN | ITEM | AMOUNT |
|---|---|---|
| 1 | Furniture Classroom | 8,00,000.00 |
| 2 | Drawing Hall Furniture (120 Capacity) | 8,00,000.00 |
| 3 | Office and Library Furniture | 3,50,000.00 |
| 4 | Physics Lab | 5,00,000.00 |
| 5 | Chemistry Lab | 5,00,000.00 |
| 6 | Mechanics Lab | 1,50,000.00 |
| 7 | Survey | 5,00,000.00 |
| 8 | Workshop | 25,00,000.00 |
| 9 | Computer (30 system i5) | 20,00,000.00 |
| 10 | 25 KVA silent DG | 5,00,000.00 |
| 11 | Miscllaneus item e.g R.O. Water purifier/Photocopy machine/Notice Board/ Blackboard/ Fax etc. | 4,00,000.00 |
| | **Total** | **90,00,000.00** |

(नब्बे लाख रूपये मात्र)

अपर सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग
बिहार, पटना

29/01/16